संख्या-5/**1373** /62-1-2014-04 आर/2009

प्रेष्क,

आलोक रंजन,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश् शासन।

सेवा में,

1- समस्त प्रमुख् सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

2- समस्त विभागाध्यक्ष्/
कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।

3- समस्त मण्डलायुक्त
उत्तर प्रदेश।

4- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।

5- समस्त मुख्य विकास अधिकारी,
उत्तर प्रदेश। ,

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग1 लखनऊ दिनांक 13 अक्टूबर, 2014

विषय - भूगर्भ जल संसाधनों के 31 मार्च, 2011 पर आधारित आकलन के अनुसार विकास खण्डों के वर्गीकरण की सूची का प्रेषण ।

महोदय,

आप अवगत हैं कि भूगर्भ जल विभाग द्वारा प्रदेश में भूजल संसाधनों का विकासखण्डवार आकलन वर्ष 2008-09 के आधार पर शासनादेश संख्या-486/62-1-2012-04आर/2009, दिनांक 15-5-2012 एवं संख्या-361/62-1-2013-04आर/2009, दिनांक 03-5-2013 द्वारा विकास खण्डों के वर्गीकरण की सूची निर्गत की गयी है । इस क्रम में भारत सरकार की भूजल आकलन समिति-1997(जी0ई0सी0-97) द्वारा निर्धारित मापदण्डों/प्रक्रिया के अनुसार 31 मार्च, 2011 के आकडों के आधार पर प्रदेश में भूजल संसाधनों का नवीन आकलन किया गया है। इस अध्ययन के आधार पर तैयार की गयी भूजल संसाधन आकलन रिपोर्ट, 2011 पर भारत सरकार का अनुमोदन राज्य सरकार को प्राप्त हो गया है, जिसमें भूजल संसाधनों की विकासखण्डवार उपलब्धता एवं दोहन की स्थिति के साथ अतिदोहित, क्रिटिकल, सेमीक्रिटिकल व सुरक्षित श्रेणियों में वर्गीकृत किये गये विकास खण्डों का विवरण सम्मिलित है ।

2- उक्त अध्ययन रिपोर्ट में प्रदेश के 75 जनपदों के 820 विकास खण्डों में भूजल संसाधनों का आंकलन किया गया है, जिसके आधार पर भारत सरकार द्वारा उक्त समस्त

http://shasadesh.up.nic.in

विकासखण्डों में से 111 विकासखण्ड अतिदोहित (over-exploited), 68 विकासखण्ड क्रिटिकल, 82 विकास खण्ड सेमीक्रिटिकल तथा शेष 559 विकासखण्ड सुरक्षित श्रेणी में वर्गीकृत किये गये हैं । विगत वर्षों में किये गये भूजल संसाधनों के आंकलन की तुलना में इन संकटग्रस्त विकास खण्डों की संख्या में उल्लेखनीय बृद्धि हुई है, जो एक चिन्ताजनक स्थिति है ।

3-(अ) शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत विभिन्न शासनादेशों के प्राविधानों के अनुसार नवीन भूजल संसाधन आकलन, 2011 में वर्गीकृत किये गये 111 अतिदोहित एवं 68 क्रिटिकल खण्डों, यानी कुल 179 विकासखण्ड, जो प्रदेश के 44 जनपदों में अवस्थित है, में लघु सिंचाई एवं सिंचाई विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा नि:शुल्क बोरिंग, मध्यम गहरी बोरिंग, गहरी बोरिंग, राजकीय नलकूप, सामूहिक नलकूप योजना इत्यादि के अन्तर्गत निर्मित किये जाने वाले सभी प्रकार के नलकूपों के निर्माण पर इस शासनादेश की निर्गम तिथि से प्रतिबन्ध होगा ।

(ब) उक्त 179 अतिदोहित एवं क्रिटिकल विकासखण्डों में कृषकों द्वारा अपने स्रोतों से इस शासनादेश के निर्गम की तिथि तक निर्मित किये गये नलकूपों के उर्जीकरण पर प्रतिबन्ध नहीं होगा, किन्तु उक्त तिथि के पश्चात निर्मित किये जाने वाले निजी/सार्वजनिक नलकूपों का उर्जीकरण नहीं किया जायेगा ।

(स) इस शासनादेश के निर्गत होने से पूर्व उक्त 179 विकासखण्डों में से ऐसे विकासखण्डों में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत निर्मित विभिन्न प्रकार के नलकूपों के ऊर्जीकरण पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा जो अतिदोहित एवं क्रिटिकल श्रेणी में घोषित नहीं थे।

4- उक्त भूजल संसाधन आकलन, 2011 पर आधारित विकासखण्डों के वर्गीकरण की सूची (अतिदोहित, क्रिटिकल, सेमीक्रिटिकल) संलग्न कर मुझे यह कहने की अपेक्षा की गई है कि विभिन्न श्रेणी के वर्गीकृत उक्त विकास खण्डों में प्रदेश में लागू ''भूजल प्रबन्धन, वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज की समग्र नीति'' के प्राविधानों/रणनीतियों तथा अतिदोहित/क्रिटिकल विकासखण्डों में वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज एवं जल संरक्षण की कार्य योयजनाएँ तैयार किये जाने विषयक शासनादेश सं0-672/62-1-2012-90जी0डब्लू0/2004 टी0सी0, दिनांक 06 जून, 2012 के अनुसार सम्बन्धित विभाग अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप भूजल विकास, जल प्रबन्धन, वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज से सम्बन्धित समेकित कार्य-योजनाएँ तैयार कर क्रियान्वयन की प्रभावी कार्यवाही करने का कष्ट करें । कृपया अपने अधीनस्थ समस्त सम्बन्धित संस्थाओं/संगठनों को भी उक्त के संबंध में यथोचित कार्यवाही किये जाने के निर्देश देने का कष्ट करें । उक्त को गम्भीरता से

लिये जाने की इसलिए आवश्यकता है क्योंकि गत वर्षों में संकटग्रस्त क्षेत्रों में भूजल की स्थिति में सुधार लाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही न किये जाने से अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो सके है तथा स्थिति निरन्तर बिगडती जा रही है ।

उक्त रिपोर्ट के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0, नवां तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ(दूरभाष 0522-2287233, 2287068 फैक्स 0522-2286471, ई-मेल upgwd.in@gmail.com) एवं उनके क्षेत्रीय खण्डीय कार्यालयों से सम्पर्क किया जा सकता है ।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार

भवदीय,

ह0/
आलोक रंजन,
मुख्य सचिव ।

संख्या- 5/1373 (1)/62-1-2014, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है -

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 शासन ।
2- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0शासन ।
3- स्टाफ आफीसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन ।
4- अध्यक्ष, केन्द्रीय भूजल परिषद, नई दिल्ली ।
5- मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड, लखनऊ।
6- प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सहकारी ग्राम्य विकास बैंक लि0, 10 माल एवेन्यू, लखनऊ।
7- क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल परिषद (उत्तरी क्षेत्र), लखनऊ।
8- निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

आज्ञा से,
ह0/
डा0 सूर्य प्रताप सिंह
प्रमुख सचिव ।

http://shasadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या – 1373/62–1–2014–4आर/2009 दिनांक 13–10–2014 का संलग्नक

प्रदेश में भूजल विकास की स्थितिः विकासखण्डों का मण्डलवार/जनपदवार वर्गीकरण (31 मार्च, 2011)

(अतिदोहित, क्रिटिकल व सेमीक्रिटिकल विकासखण्डों की सूची)

क0स0	मण्डल/जनपद	अतिदोहित	क्रिटिकल	सेमीक्रिटिकल
1	2	3	4	5
1	**मण्डल–आगरा**			
1	जनपद–आगरा			
		1- अछनेरा	1- जगनेर	1- खेरागढ़
		2- अकोला	-	-
		3- बरौली अहीर	-	-
		4- बिचपुरी	-	-
		5- एतमादपुर	-	-
		6- फतेहाबाद	-	-
		7- फतेहपुर सीकरी	-	-
		8- खंदौली	-	-
		9- सैंयाँ	-	-
		10- शमसाबाद	-	-
2	जनपद–फिरोज़ाबाद			
		1- फिरोजाबाद	-	1- अराव
		2- खैरगढ़	-	-
		3- नारखी	-	-
		4- शिकोहाबाद	-	-
		5- टुण्डला	-	-
3	जनपद–मैनपुरी			
		1- बरनाहल	-	-
4	जनपद–मथुरा			
		1- बल्देव	1- फरह	-
		2- नौह झील	-	-
		3- राया	-	-
	योग	**19**	**2**	**2**
2	**मण्डल–अलीगढ़**			
1	जनपद–अलीगढ़			
		1- इगलास	1- चन्दौस	-
		2- खैर	-	-
2	जनपद–एटा			
		1- जलेसर	1- अवागढ़	1- सकीट
		-	2- निधौलीकलाँ	-
3	जनपद–हाथरस			

		1- मुरसान	1- हाथरस	1- सहपऊ
		2- सासनी	2- सादाबाद	-
4	जनपद–कासगंज			
		1- कासगंज	1- सोरों	-
		2- सहावर	-	-
	योग	7	6	2
3	मण्डल–इलाहाबाद			
1	जनपद–इलाहाबाद			
		1- बहादुरपुर	1- बहेरिया	1- उरूवा
		2- चाका	2- प्रतापपुर	-
		3- धनुपुर	-	-
		4- होलागढ़	-	-
		5- मऊ आईमा	-	-
2	जनपद–फतेहपुर			
		1- भिटौरा	1- ऐरायां	1- देवमई
		2- मलावाँ	2- अमौली	2- खजुहा
		3- तेलियानी	3- बहुआ	3- विजयीपुर
		-	4- धाता	-
		-	5- हसवा	-
		-	6- हथगाँव	-
3	जनपद–कौशाम्बी			
		1- चायल	1- मँझनपुर	1- सरसवाँ
		2- कड़ा	2- नेवादा	-
		3- मूरतगंज	-	-
		4- सिराथू	-	-
4	जनपद–प्रतापगढ़			
		1- बाबा बेलखरनाथ	1- आसपुर देवसरा	1- कालाकांकर
		2- गौरा	-	2- सागीपुर
		3- लक्ष्मणपुर	-	-
		4- लालगंज	-	-
		5- मान्धाता	-	-
		6- मंगरौरा	-	-
		7- पट्टी	-	-
		8- प्रतापगढ़ सदर	-	-
		9- रामपुर संग्रामगढ	-	-
		10- सण्डवाचन्द्रिका	-	-
		11- शिवगढ़	-	-
	योग	23	11	7

4	मण्डल–आज़मगढ़			
1	जनपद–आज़मगढ़			
		-	1- पल्हनी	1- अजमतगढ़
		-	2- सठियांव	2- मिर्जापुर
		-	-	3- रानी की सराय
		-	-	4- तहबरपुर
2	जनपद–बलिया			
		-	1- रसड़ा	-
3	जनपद–मऊनाथ भंजन			
		-	-	1- बड़रौंव
		-	-	2- रानीपुर
	योग	-	3	6
5	मण्डल–बरेली			
1	जनपद–बरेली			
		-	-	1- रामनगर
2	जनपद–बदायूँ			
		1- अम्बियापुर	1- आसफपुर	1- बिसौली
		2- इस्लामनगर	2- सहसवान	2- उझानी
	योग	2	2	3
6	मण्डल–चित्रकूट धाम			
1	जनपद–चित्रकूट			
		1- कर्वी	-	1- मऊ
		-	-	2- रामनगर
2	जनपद–बाँदा			
		-	1- तिंदवारी	1- जसपुरा
3	जनपद–हमीरपुर			
		-	1- सुमेरपुर	1- सरीला
4	जनपद–महोबा			
		1- जैतपुर	1- चरखारी	-
		2- पनवारी	2- कबरई	-
	योग	3	4	4
7	मण्डल–फैज़ाबाद			
1	जनपद–फैज़ाबाद			
		-	-	1- बीकापुर
		-	-	2- तारून
2	जनपद–अम्बेडकरनगर			
				1- भीटी

3	जनपद–अमेठी			
		-	-	1- अमेठी
		-	-	2- बहादुरपुर
		-	-	3- गौरीगंज
		-	-	4- जगदीशपुर
		-	-	5- संग्रामपुर
		-	-	6- शाहगढ़
4	जनपद–सुल्तानपुर			
		-	-	1- भदैंया
		-	-	2- दुबेपुर
	योग	-	-	11
8	मण्डल–झांसी			
1	जनपद–झांसी			
		-	-	1- बबीना
		-	-	2- मऊरानीपुर
	योग	-	-	2
9	मण्डल–कानपुर			
1	जनपद–कानपुर नगर			
		1- कल्याणपुर	-	1- चौबेपुर
		-	-	2- घाटमपुर
		-	-	3- सरसौल
		-	-	4- शिवराजपुर
2	जनपद–कन्नौज			
		1- जलालाबाद	-	1- गुगरापुर
		2- तालग्राम	-	2- कन्नौज
	योग	3	-	6
10	मण्डल–लखनऊ			
1	जनपद–लखनऊ			
		1- चिनहट	-	1- मलिहाबाद
2	जनपद–हरदोई			
		-	-	1- अहिरोरी
		-	-	2- हरपालपुर
3	जनपद–रायबरेली			
		-	1- सरैनी	1- खीरों
		-	-	2- राही
4	जनपद–सीतापुर			
		-	-	1- मछरेहटा

5	जनपद–उन्नाव			
		-	-	1- बीघापुर
		-	-	2- सिकन्दरपुर सरैसी
	योग	1	1	8
11	मण्डल–मेरठ			
1	जनपद–मेरठ			
		1- रजपुरा	1- खरखोदा	1- दौराला
		-	2- माछरा	2- हस्तिनापुर
		-	3- मेरठ	-
		-	4- परीक्षितगढ़	-
2	जनपद–बागपत			
		1- बिनौली	1- बागपत	-
		2- पिलाना	2- बड़ौत	-
		-	3- छपरौली	-
		-	4- खेकड़ा	-
3	जनपद–बुलन्दशहर			
		1- गुलावटी	1- बी0बी0 नगर	1- अगौता
		2- सिकन्दराबाद	2- दानपुर	2- लखावटी
		-	3- खुर्जा	3- पहासू
		-	4- शिकारपुर	4- ऊँचागाँव
4	जनपद–गौतम बुद्ध नगर			
		1- बिसरख	-	-
		2- जेवर	-	-
5	जनपद–गाज़ियाबाद			
		1- भोजपुर	-	-
		2- लोनी	-	-
		3- रजापुर	-	-
6	जनपद–हापुड़			
		1- गढमुक्तेश्वर	-	-
		2- हापुड़	-	-
		3- सिम्भावली	-	-
	योग	13	12	6
12	मण्डल–मिर्ज़ापुर			
1	जनपद–मिर्ज़ापुर			
		-	1- कोन	1- छानबे
		-	2- मझवाँ	2- सिटी
		-	3- सीखड़	3- मड़िहान
		-	-	4- पहाड़ी

2	जनपद–संत रविदास नगर			
		-	1- अमोली	-
		-	2- औराई	-
		-	3- भदोही	-
		-	4- डीह	-
		-	5- ज्ञानपुर	-
		-	6- सुरियावाँ	-
3	जनपद–सोनभद्र			
		-	1- घोरावल	1- बभनी
		-	-	2- छतरा
		-	-	3- दुद्धी
		-	-	4- राबर्टसगंज
	योग	-	10	8
13	मण्डल–मुरादाबाद			
1	जनपद–मुरादाबाद			
		1- बिलारी	-	1- भगतपुर टांडा
		2- छजलेट	-	2- डींगरपुर
		3- दिलारी	-	-
2	जनपद–अमरोहा			
		1- अमरोहा	1- जोया	1- गजरौला
		2- धनौरा	-	-
3	जनपद–बिजनौर			
		1- नहटौर (आकू)	-	-
		2- स्योहारा(बुधानपुर)	-	-
		3- जलीलपुर	-	-
		4- नूरपुर	-	-
4	जनपद–रामपुर			
		1- चमरऊआ	-	-
		2- सैदनगर	-	-
		3- शाहाबाद	-	-
		4- स्वार	-	-
5	जनपद–सम्भल			
		1- बहजोई	1- असमोली	-
		2- बनियाखेड़ा	2- जुनावई	-
		3- गुन्नौर	-	-
		4- पवांसा	-	-
		5- सम्भल	-	-
	योग	18	3	3

14	मण्डल–सहारनपुर			
1	जनपद–सहारनपुर			
		1- बलियाखेड़ी	1- मुजफ्फराबाद	-
		2- देवबन्द	2- पुवॉरका	-
		3- गंगोह	-	-
		4- नागल	-	-
		5- नकुड़	-	-
		6- ननौता	-	-
		7- रामपुर	-	-
		8- सदौली कदीम	-	-
		9- सरसावा	-	-
2	जनपद–मुजफ्फरनगर			
		1- बघरा	-	-
		2- बुढ़ाना	-	-
		3- चरथावल	-	-
		4- शाहपुर	-	-
3	जनपद–शामली			
		1- कांधला	1- कैराना	-
		2- शामली	2- थानाभवन	-
		3- ऊन		-
	योग	16	4	-
15	मण्डल–वाराणसी			
1	जनपद–वाराणसी			
		1- अराजी लाइन	1- हरहुआ	1- बड़ागाँव
		-	2- पिण्डरा	2- चिरईगाँव
		-	-	3- चोलापुर
2	जनपद–गाजीपुर			
		-	1- गाजीपुर	1- बाराचवर
		-	2- मुहम्मदाबाद	2- भॉवरकोल
		-	-	3- करण्डा
		-	-	4- कासिमाबाद
		-	-	5- मनिहारी
		-	-	6- सादत
3	जनपद–जौनपुर			
		1- बदलापुर	1- बरसठी	1- जलालपुर
		2- करन्जाकला	2- बक्सा	2- खुटहन
		3- केराकत	3- धर्मापुर	3- मड़ियाहूँ
		4- महराजगंज	4- डोभी	4- रामनगर

		5- सिरकोनी	5- मुफ्तीगंज	5- रामपुर
		-	6- सिकरारा	-
	योग	6	10	14
कुल योग		111	68	82

नोट– 1. प्रदेश के कुल 820 विकासखण्डों में शेष 559 विकासखण्ड सुरक्षित श्रेणी में वर्गीकृत है।

2. जनपद सुल्तानपुर के नव सृजित विकास खण्ड करौंधीकला एवं मुदगरपुर को पृथक रूप से उक्त भूजल संसाधन आकलन, 2011 में सम्मिलित नहीं किया गया है। इन विकासखण्डों से सम्बंधित भूजल उपलब्धता की स्थिति का ब्योरा पूर्व में सूचीबद्ध उन विकासखण्डों में सम्मिलित है, जिनके विभाजन से इन विकासखण्डों का सृजन किया गया है।

(केन्द्रीय भूजल बोर्ड, जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित)